एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क: क्षमता के लिए पर्यवेक्षण

NDIS Workforce Capability Framework: Supervising for Capability

Hindi | हिन्दी

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है और एनडीआईएस सेवाओं और समर्थन प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 'अच्छी स्थितियाँ कैसी दिखाई देती हैं' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। ये संसाधन फ्रेमवर्क का समर्थन करते हैं।

पर्यवेक्षण संसाधन एनडीआईएस प्रतिभागियों, सेवा प्रदाताओं और सहायता श्रमिकों को एक साथ काम करने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन संबंधी और व्यावहारिक सुझावों का एक सेट (वर्ग) है ताकि हर कोई समझ सके कि समर्थन और सेवाएं कैसे वितरित की जानी चाहिए। वे इस बारे में चर्चा करने में भी सहायता करते हैं कि कार्यकर्ता प्रतिभागियों द्वारा अपेक्षा किए जाने वाले मानकों और आचरणों को पूरा करने के लिए समर्थन देने में कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं।

सहायक पर्यवेक्षण कार्यकर्ता संतुष्टि, प्रतिबद्धता, प्रतिधारण और गुणवत्तापूर्ण प्रतिभागी समर्थन का निर्माण करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। मिलकर काम करना प्रतिभागियों के लिए उनके समर्थन पर विकल्प और नियंत्रण रखने की क्षमता में सहायता देता है, और अपेक्षाओं को प्रबंधित करने और अपेक्षित मानकों की सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए प्रदाताओं और पर्यवेक्षकों का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण है।

क्या उम्मीद करें

पर्यवेक्षण संसाधनों को संगठनों और श्रमिकों को फ्रेमवर्क में वर्णित क्षमताओं को विकसित और उपयोग करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। संसाधन:

- पर्यवेक्षण की गुणवत्ता और अनुरूपता को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन और उपकरण प्रदान करते हैं।
- पर्यवेक्षण में संलग्न होने के लिए वरिष्ठ नेताओं, पर्यवेक्षकों, श्रमिकों और प्रतिभागियों का समर्थन करने के लिए टिप शीट्स, चेकलिस्ट और टेम्प्लेट प्रदान करते हैं।
- व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप टेम्पलेट्स और दस्तावेज़ों को डाउनलोड और संपादित करने की क्षमता प्रदान करते हैं।
- प्रतिक्रिया और पर्यवेक्षण प्रक्रियाओं में एनडीआईएस के प्रदाताओं, पर्यवेक्षकों, श्रमिकों और प्रतिभागियों के लिए **उपयोगी**।

पर्यवेक्षण संसाधन फ्रेमवर्क, टूल्स (उपकरण) और गाइड्स (संदर्शिकाओं) में अन्य संसाधनों द्वारा समर्थित हैं।

संसाधन एनडीआईएस प्रतिभागियों, पर्यवेक्षकों, प्रदाताओं और श्रमिकों के लिए उपयोगी हैं और प्रतिक्रिया और पर्यवेक्षण प्रक्रियाओं में सहायता कर सकते हैं।

आप **वेबसाइट** से किसी भी समय संसाधनों का पता लगा सकते/ती हैं और इन्हें डाउनलोड कर सकते/ती हैं।

अभ्यास में क्षमता के लिए पर्यवेक्षण:

राहम एक प्रदाता एजेंसी चलाती है जिसे यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि प्रतिभागियों को एनडीआईएस समर्थन प्रदान करते समय श्रमिक और पर्यवेक्षक अपेक्षित मानकों को पूरा कर रहे हैं। वह उन संसाधनों की तलाश कर रही है जो उसे एक ऐसी सकारात्मक और सहायक संगठन संस्कृति को शामिल करने में सहायता करेंगे जिसे वास्तव में अपने मार्गदर्शकों और प्रबंधकों द्वारा अपनाया जाता है और बढ़ावा दिया जाता है, खासकर उसके श्रमिकों के लिए पर्यवेक्षण और समर्थन के साथ।

राहम एजेंसी में अपने मार्गदर्शकों और प्रबंधकों का समर्थन करने के लिए **Working Together Guide (मिलकर काम करें संदर्शिका)** के संसाधनों का उपयोग करती है ताकि यह समझा जा सके कि प्रतिभागियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के बारे में प्रतिभागियों, श्रमिकों और पर्यवेक्षकों के साथ कैसे बात की जाए।

वह अपने कर्मचारियों के साथ नियोजन चर्चाओं का और इस बात का समर्थन करने के लिए अपने मार्गदर्शकों और प्रबंधकों की सहायता करने में सक्षम है कि अपेक्षाओं को सटीक रूप से कैसे निर्धारित करें और उनके प्रति आकलन कैसे करें।

राहम कुछ प्रमुख कर्मचारी समीक्षा प्रक्रियाओं को स्थापित करने के लिए **पर्यवेक्षकों और श्रमिकों के लिए चिंतनशील अभ्यास टिप शीट** और **पर्यवेक्षकों के लिए मूल्यांकन रिकॉर्ड टेम्पलेट** को बढ़ावा देती है।

संसाधनों तक पहुँचना और उनका उपयोग करना

पर्यवेक्षण संसाधनों को अपने कंप्यूटर पर डाउनलोड करना सबसे अच्छा रहता है ताकि आप किसी भी समय उन तक पहुंच सकें।

संसाधनों तक पहुंच करना: क्षमता के लिए पर्यवेक्षण | एनडीआईएस कार्यबल क्षमता (ndiscommission.gov.au)

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस वेबसाइट पर जाएँ: https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/

संपर्क: workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.